राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 01 अगस्त । अफ्रीकी देश डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में संयुक्त राष्ट्र संघ के शांति अभियान में शहीद हुए सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ के बगड़ियों का बास निवासी बीएसएफ जवान शहीद शिशुपाल सिंह बगड़िया की अंतिम यात्रा में शामिल होकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा ने श्रद्धांजलि अर्पित की तथा पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री सुभाष महरिया ने राज्य के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की ओर से पुष्प चक्र अर्पित किया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा आज लक्ष्मणगढ़, जिला सीकर के दौरे पर रहे, जहां उन्होंने अमर शहीद शिशुपाल सिंह बगड़िया निवासी बगड़ियों का बास, लक्ष्मणगढ़, जिला सीकर की अंतिम यात्रा में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ शामिल होकर अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शहीद शिशुपाल सिंह बागड़िया के परिवार के दुःख में स्वयं को शामिल करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया और आश्वस्त किया कि राजस्थान सरकार एवं केन्द्र सरकार से परिवार को हर सम्भव सहायता प्रदान करवाई जायेगी। श्री डोटासरा ने घोषणा की है कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बगड़ियों का बास (डूडवा) का नामकरण शहीद शिशुपाल सिंह बगड़िया के नाम पर किया जायेगा तथा शहीद स्मारक मूर्ति हेतु विधायक कोटे से राशि स्वीकृति कर प्रदान की जायेगी।

अमर शहीद श्री शिशुपाल सिंह बगड़िया को हजारों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी तथा पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter